जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांक : जीवि/परीक्षा–2/गोप./2013/1244 दिनांक 17/05/2013

/ / संशोधित–अधिसूचना / /

सर्वसंबंधितों के सूचनार्थ यह अधिसूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय की **एम.ए./एम.कॉम./एम.एससी./एम.एससी. (होम साइंस) द्वितीय सेमेस्टर (नियमित/एटीकेटी एवं भूतपूर्व) परीक्षा जून 2013** की परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों के लिये परीक्षा आवेदन–पत्र भरने की तिथियां **(महाविद्यालय एवं अध्ययनशालाओं हेतु)** निम्नानुसार घोषित की जाती हैं:–

विवरण	परीक्षा आवेदन–पत्र प्रस्तुत करने वाली कक्षाओं के नाम, दिनांक एवं परीक्षा शुल्क का विवरण			
	तिथि एवं शुल्क विवरण	**एम.ए.**	**एम.कॉम.**	**एम.एससी./ एम.एससी.(होम साइंस)**
परीक्षा आवेदन–पत्र नियमित शुल्क के साथ महाविद्यालय/अध्ययनशाला में जमा करने की अंतिम तिथि	तिथि	24–05–2013	24–05–2013	24–05–2013
	नियमित छात्र का परीक्षा शुल्क	रूपये 955/– (प्रायोगिक विषय के साथ शुल्क 1355/–)	रूपये 955/–	रूपये 1480/–
	भूतपूर्व छात्र का परीक्षा शुल्क	रूपये 1255/– (प्रायोगिक विषय के साथ शुल्क 1655/–)	रूपये 1255/–	रूपये 1780/–
	एटीकेटी छात्र का परीक्षा शुल्क	रूपये 600/– प्रति पेपर	रूपये 600/– प्रति पेपर	रूपये 600/– प्रति पेपर
परीक्षा आवेदन–पत्र विलम्ब शुल्क रूपये 500/– के साथ महाविद्यालय में प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि	तिथि	27–05–2013	27–05–2013	27–05–2013
वेबसाइट पर अपडेट (Update) किये हुये परीक्षा आवेदन–पत्र की एक कॉपी प्रिन्ट आउट निकाल कर महाविद्यालय/ अध्ययनशाला द्वारा जांचोपरांत अग्रेषित कर विश्वविद्यालय कार्यालय में भेजने की अंतिम तिथि	तिथि	29–05–2013	29–05–2013	29–05–2013

-----2

विशेष नोट :–

1. उपरोक्त परीक्षाओं हेतु परीक्षार्थियों के परीक्षा आवेदन–पत्र समस्त महाविद्यालयों/अध्ययनशाला को विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.jiwaji.edu पर उपलब्ध करा दिये गये हैं। संबंधित महाविद्यालय /अध्ययनशाला आवेदन–पत्रों को वेबसाइट से डाउनलोड कर छात्रों को वितरित करें तथा छात्रों के परीक्षा आवेदन–पत्र वेबसाइट पर अपडेट करने के उपरांत अपडेट किये आवेदन–पत्रों की एक कॉपी प्रिन्ट आउट निकालकर अग्रेषित कर विश्वविद्यालय कार्यालय में संबंधित कक्षा प्रभारी/कर्मचारी के पास निश्चित तिथि तक जमा करायें।
2. उपरोक्त वर्णित परीक्षा शुल्क के अतिरिक्त परीक्षा आवेदन–पत्र शुल्क नियमित छात्र 60/–, एटीकेटी/भूतपूर्व छात्र 80/– रूपये, एवं अग्रेषण शुल्क 50/– प्रति छात्र तथा परीक्षा संचालन शुल्क 100/– प्रति छात्र संग्रहित किया जाना है। उपरोक्त शुल्कों की राशि को परीक्षा शुल्क के साथ चालान फार्म में जोड़कर दर्शाया गया है, जिसमें से 110/– रूपये की राशि चालान में से कम कर दी गयी है, जिसका भुगतान पूर्व की भांति महाविद्यालय के छात्रों से प्राप्त करें।
3. समस्त प्राचार्य/विभागाध्यक्ष परीक्षा आवेदन–पत्रों को अग्रेषित करते समय यह अनिवार्य रूप से सुनिश्चित कर लें कि विश्वविद्यालय द्वारा बेवसाईट पर कक्षावार प्रश्न–पत्रों की दी गयी जानकारी के अनुसार ही छात्र द्वारा परीक्षा आवेदन–पत्र में विषय दर्शाये गये हैं अथवा नहीं। यदि इसमें कोई त्रुटि होती है तो संबंधित प्रभारी प्राध्यापक/कर्मचारी एवं प्राचार्य/विभागाध्यक्ष व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी होंगे। साथ ही परीक्षा आवेदन–पत्र के साथ अर्हकारी परीक्षा की अंकसूची आवश्यक रूप से संलग्न करें।
4. **समस्त प्राचार्यगण यह भी सुनिश्चित करें कि परीक्षा आवेदन–पत्रों को अपडेट करते समय समस्त मांगी गयी जानकारियां पूर्ण की जायें तथा छात्र का फोटो एवं हस्ताक्षर अनिवार्य रूप से अपडेट किया जाये।**
5. **स्नातकोत्तर एम.ए./एम.एस.सी./एम.कॉम./एम.एस.सी. (होमसाइंस) द्वितीय सेमेस्टर का विस्तृत परीक्षा कार्यक्रम पृथक से शीघ्र घोषित किया जावेगा।**

परीक्षा नियंत्रक,

प्रतिलिपि :–

1. समस्त प्राचार्य/विभागाध्यक्ष, सम्बद्ध महाविद्यालय/अध्ययनशाला, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर को आवश्यक कार्यवाही कर परीक्षा कार्य में सहयोग प्रदान करने हेतु प्रेषित।
2. उप/सहायक–कुलसचिव (परीक्षा/गोपनीय), जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
3. वित्ताधिकारी, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
4. कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
5. कुलसचिव के निज सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
6. इंचार्ज इन्टरनेट प्रभारी, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
7. पूछताछ कक्ष, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
8. इंचार्ज संबंधित कक्षा के प्रभारी, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

उप/सहायक–कुलसचिव (परीक्षा)